कोई जब भक्तों का दिल दुखाएगा | By Kumar Narendra & Sanjay Pareek |

कोई जब भक्तों का दिल दुखाएगा
समझो मेरे भोले को रुलाएगा।

बड़ा बन समझता खुद को बड़ा है,
सामने परिणाम तेरा खड़ा है।
तेरा ये परिणाम जब भी आएगा,
समझो मेरे भोले को रुलाएगा।

शिव भक्ति शिव जी के प्राण हैं,
गौरा माँ की ममता की खान है।
जो भी माँ के पुत्रों को सताएगा,
समझो मेरे भोले को रुलाएगा।

कांवड़ को स्वच्छ मन चढ़ाइए,
कलशों को काल से बचाइए।
कलश जो काला हो जाएगा,
समझो मेरे भोले को रुलाएगा।

जिसके मन में द्वेष अहंकार है,
उसका जल ना भोले को स्वीकार है।
पैदल चाहे धरती लेट चढ़ाएगा,
समझो मेरे भोले को रुलाएगा।

धरा अहम जिस हृदय में बहती है,
उसके जल में गंगा नहीं रहती है।
कुमार ऐसी कांवड़ जो चढ़ाएगा,
समझो मेरे भोले को रुलाएगा।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%8f/